जटिल समस्याओं को चुनौती के रूप में सिरे चढ़ाना मुख्यमंत्री की खूबी

साढ़े 8 वर्षों के दौरान आई.टी. के अनुप्रयोग से बदला-बदला नजर आ रहा है हरियाणा

चंडीगढ़, 11 जुलाई (बंसल): हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जब प्रदेश के 20वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी तो उस समय प्रदेश की राजनीति में एक गुणात्मक बदलाव आया। मुख्यमंत्री ने हरियाणा एक-हरियाणवी एक को अपनी कार्यशैली का आधार मानकर प्रदेश की राजनीति की परिभाषा को बदलने का काम किया।

जटिल समस्याओं को चुनौती के रूप में स्वीकार कर इन्हें सिरे चढ़ाना मुख्यमंत्री की खूबी रही है और उन्होंने सिद्ध कर दिया कि चुनौती कितनी भी बड़ी क्यों न हो, पूरे

■ सी.एम. विंडो से जनसंवाद, अब जनसंवाद से ऑडियो संवाद के माध्यम से 25 लाख से अधिक लोगों को सीधा मुख्यमंत्री से मिलने का मिला अवसर

आत्मविश्वास व सहज तरीके से सिरे चढ़ाना ही उनका संकल्प है। वर्ष 2014 से लेकर अब तक मुख्यमंत्री ने न केवल अपने अनुभव का लोहा मनवाया है बल्कि एक सफल और सुलझे हुए रणनीतिकार राजनेता होने का परिचय भी दिया है।

प्रॉपर्टी आई.डी. बनाना था एक गंभीर चुनौती, मुख्यमंत्री ने सहज स्वीकार किया

हरियाणा के 88 शहरों की प्रॉपर्टी आई.डी. बनाना एक बड़ी चुनौती थी परंतु मनोहर लाल ने इसे सहज स्वीकार करते हुए वर्ष 2018 में प्रॉपर्टी आई.डी. के लिए सर्वे करवाने का निर्णय लिया। इस सर्वे के आधार पर लगभग 46 लाख से अधिक प्रॉपर्टी आई.डी. बनाई जा चुकी हैं। इनमें से नियमित कालोनियों में 36 लाख संपत्तियां पाई गई और अनअप्रूव्ड एरिया या अनियमित कालोनियों में 10 लाख संपत्तियां पाई गई। इन प्रॉपर्टी आई.डी. को नवम्बर, 2022 में पोर्टल पर अपलोड किया गया, ताकि संपत्ति मालिक स्वयं अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को सत्यापित कर सके। शहर के लोगों में इस बात की खुशी नजर आई कि वर्षों पुरानी प्रॉपर्टी आई.डी. की समस्या को किसी मुख्यमंत्री ने हल करवाने की पहल की है।

जनसंवाद के बाद ऑडियो संवाद के माध्यम से मुख्यमंत्री प्रत्येक शनिवार सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सायं 5 बजे से 6 बजे तक जुड़ते हैं। अनेक बार तो ऑडियो संवाद में 10 हजार लोगों से भी ज्यादा से जुड़ते हैं। इस दौरान वे स्वयं मोबाइल पर लोगों से बात करते हैं।

मुख्यालय पर मुख्यमंत्री स्वयं अपने डैशबोर्ड पर इन सबकी सीधी समीक्षा करते हैं और अधिकारियों से पल-पल की जानकारी लेते हैं। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना पी.पी.पी. के माध्यम से प्रदेश के सभी परिवारों का आर्थिक डाटा उपलब्ध हुआ, जिससे अंत्योदय परिवारों की पहचान संभव हो पाई। ऐसे परिवारों को योजनाओं का सीधा लाभ मिला जिसकी चर्चा देशभर में हुई है और अन्य प्रांतों ने अपने यहां भी पी.पी.पी. मॉडल को अपनाने में रुचि दिखाई है। आई.टी. के प्रयोग से जहां सरकारी कार्यों में पारदर्शिता आई है वहीं जवाबदेही भी सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री का संकल्प है कि सभी सुविधाएं और योजनाएं जनता तक सीधे पहुंचे इसी को चरितार्थ करने के लिए आज मुख्यमंत्री की छवि आई.टी. विशेषज्ञ के रूप में उभरी है।

आई.टी. गुरु के रूप में उभरे हैं मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने सत्ता संभालते ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को अपनी कार्यशैली का केंद्र-बिंदु मानकर 25 दिसम्बर, 2014 को सुशासन दिवस के अवसर पर सी.एम. विंडो की अवधारणा की शुरूआत की थी। उनका मुख्य उद्देश्य था कि लोगों को चंडीगढ़ आए बिना ही सीधी मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचा पाए, इसलिए हर जिला लघु सचिवालय व उपमंडल स्तर पर सी.एम. विंडो काऊंटर खोले गए। 12 लाख से अधिक लोगों ने सी.एम. विंडो के माध्यम से अपनी शिकायत, सुझाव व मांगों को सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचाया, जिनमें से 10 लाख से अधिक समस्याओं का समाधान हो चुका है। भिवानी, पलवल, कुरुक्षेत्र, सिरसा व महेंद्रगढ़ जिलों में 3-3 दिन जनसंवाद कर लोगों से जुड़े मुख्यमंत्री और उनके साथ मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा जिला उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक तथा जिला प्रशासन का अन्य अमला लोगों के बीच उपस्थित रहा और मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया गया।

मुख्यमंत्री ने चुने हुए नए पंचायती राज संस्थानों के जन प्रतिनिधियों के बीच बैठ कर पूछा कि-आप अपनी पंचायत की भविष्य की कोई विकास योजना बताइए, सरकार उसको अमलीजामा पहनाएगी। मुख्यमंत्री ने लोगों से पूछा कि पिछले साढ़े 8 वर्षों में उनकी सरकार द्वारा किए गए कोई एक अच्छे कार्य व निर्णय के बारे में बताएं। मुख्यमंत्री के इन सवालों पर युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला, किसी ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी, किसी ने एच.के.आर.एन., भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग से बिना सिफारिश नौकरी मिलना, तो किसी ने विभागों की ऑनलाइन सेवाओं को अच्छा बताया।

मुख्यमंत्री स्वयं जानकारी देते हैं कि हमने एक ऐसा डेटाबेस तैयार किया है कि जिस दिन गांव में किसी बच्चे का जन्मदिन होगा उस दिन उस बच्चे को मुख्यमंत्री की ओर से पी.पी.पी. में दिए गए मोबाइल नंबर पर एस.एम.एस. के जरिए जन्मदिन की शुभकामना का संदेश भेजा जाएगा। सरकारी विभागों में अधिक से अधिक आई.टी. का प्रयोग व ऑनलाइन सिस्टम से वर्ष 2014 के बाद से आज हरियाणा बदला-बदला नजर आ रहा है।

कोई लौटा दे मेरा तोता

तोता लौटाने वाले को 21 हजार रुपए ईनाम

2 दिन पूर्व घर से उड़ा फिर वापस नहीं लौटा

गुड़गांव, 10 जुलाई (संजय): बी.पी.टी.पी. सोसायटी के सैक्टर-102 एम्सटोरिया सोसायटी में लंबे समय से परिवार वालों के साथ रह रहा तोता अचानक उड़ा गया और वापस नहीं लौटा। इस बारे झाडसा गांव निवासी जोगिंदर शर्मा ने बताया लंबे समय से तोता उनके घर रह रहा था। वह खाने-पीने से लेकर रहन-सहन आदि को लेकर घरवालों के साथ मिला जुला रहता था। इतना ही नहीं जब भी उसे डांस करने या कुछ बोलने के लिए कहा जाता था तो वह अपनी चोंच को हिलाकर डांस भी करता था और बोलता भी था।

जोगिंदर ने बताया जो भी हमारे तोते बारे जानकारी देगा या उसे वापस मेरे घर तक पहुंचाएगा उसे 21 हजार रुपए बतौर ईनाम दिया जाएगा। तोते को परिवार वालों ने अपने बच्चे की तरह पालन पोषण किया था। उसे पढ़ाने की कोशिश से लेकर अच्छी आदतें व रहन-सहन आदि बारे सिखाया गया था। अचानक घर से उनके गायब होने के बाद उसे लेकर लोग अपने आप को संभाल नहीं पा रहे हैं।

बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा करेंगे हुड्डा और उदयभान

चंडीगढ़, 11 जुलाई (बंसल): पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान बुधवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। भारी बारिश के बाद प्रदेशभर में हालात खराब हैं। सबसे बुरा हाल करनाल, कुरुक्षेत्र, अम्बाला और आगे पंचकूला तक जलभराव की वजह से हो चुका है। नदियां ओवरफ्लो होने और कई जगह बांध टूटने के कारण कई गांव व शहरों में पानी भर गया है। सरकार की तरफ से बारिश व जलभराव से निपटने के लिए एहतियातन पहले किसी तरह की तैयारी नहीं की गई और न ही अब जरूरत के मुताबिक मुस्तैदी बरती जा रही है। इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

हुड्डा ने सरकार से अपील की है कि प्रदेश सरकार जल निकासी व राहत कार्य के लिए केंद्र से ज्यादा से ज्यादा मदद मंगवाए। इसके लिए एन.डी.आर.एफ. व सेना की ज्यादा से ज्यादा मदद ली जाए। ताकि जानमाल के नुकसान को रोका जा सके। साथ ही उन्होंने सरकार से लोगों को हुए नुकसान का आंकलन करके उचित मुआवजा देने की भी मांग की है। हुड्डा ने कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं से आह्वान किया है कि वे बाढ़ग्रस्त इलाकों में सक्रिय होकर यथासंभव लोगों की मदद करें।

हुड्डा गुट ने ढूंढी भिवानी में किरण चौधरी की काट

दो टूक

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के गहावर नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हाल ही में भिवानी में रैली करी। 'विपक्ष आपके समक्ष' के तहत हुए इस कार्यक्रम में उम्मीद से अधिक लोग आए। ये बात खुद भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंच से स्वीकारी। उन्होंने मंच से कहा कि अनुमान से अधिक लोग इस कार्यक्रम में पहुंचे हैं। भिवानी में जब अगली बार रैली होगी तो इससे बड़े स्थान की व्यवस्था करेंगे। भिवानी को कांग्रेस प्रदेश इकाई की दूसरी नेता किरण चौधरी का गढ़ माना जाता है। भिवानी की तोशाम विधानसभा सीट से वह लगातार तीसरी बार विधायक बनी हैं। वर्ष 2009 और 2014 में इन्होंने भारी अंतर से इनेलो के उम्मीदवार को चुनाव हराया था। वहीं, 2019 के विधानसभा चुनाव में में इन्होंने बीजेपी के शक्ति रंजन परमार को 18,059 वोटों से हराया था। किरण चौधरी को 72,699 मत मिले थे। ऐसे में खुद किरण चौधरी का इस रैली में शामिल न होना कई सवाल खड़े करता है। वह खुद उस दिन महेंद्रगढ़ जिले के नांगल चौधरी में अपने समर्थकों को संबोधित कर रही थीं।

हालांकि दीपेंद्र हुड्डा ने पिता भूपेंद्र सिंह हुड्डा का बचाव करते हुए कहा कि था कि किरण चौधरी को भिवानी रैली के लिए निमंत्र दिया गया था। किरण चौधरी पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पुत्र वधू हैं। अपनी राजनीतिक विरासत के चलते किरण चौधरी का भिवानी और महेंद्रगढ़ जिले की विधानसभा सीटों पर प्रभाव माना जाता है।

इसी प्रभाव में सेंध लगाने के लिए हुड्डा गुट का ये प्रयास माना जा रहा है। अधिकतर बैक फुट पर खेलने वाले हुड्डा गुट ने किरण चौधरी के गढ़ में रैली कर फ्रंट फुट से खेलना शुरू कर दिया है। इसकी बड़ी वजह है एसआरके, यानी कुमारी शैलजा, रणदीप सुरजेवाला और किरण चौधरी। इन्होंने पिछले हफ्ते चंडीगढ़ में बीजेपी के बहाने हुड्डा पर परोक्ष रूप से निशाना साधा था। तीनों ने जमकर एक-दूसरे की तारीफ की थी। लेकिन हुड्डा का एक बार भी नाम नहीं लिया। तीनों दिग्गज बहुत कम मौकों पर एक ही मंच पर देखे जाते हैं। तीनों को हुड्डा गुट का विरोधी माना जाता है। विधायक और सांसदों के समर्थन के मामले में हुड्डा ग्रुप तीनों से अधिक मजबूत दिखाई देता है। इसलिए तीनों ने मिलकर हुड्डा गुट से निपटने का निर्णय लिया है। वैसे भी हरियाणा कांग्रेस में सीएम चेहरे को लेकर लड़ाई पुरानी है। सभी गुट अपना दावा पेश करते आए हैं।

किरण चौधरी भले ही ये कहे कि किसी के भिवानी में रैली करने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। लेकिन हुड्डा गुट ने किरण चौधरी के वोट बैंक में सेंध लगाने की जिम्मेदारी जिसे सौंपी है उससे पार पाना खुद किरण गुट के लिए भी आसान नहीं होगा। हुड्डा ने बंसीलाल के पोते अनिरुद्ध चौधरी को किरण चौधरी की राजनीतिक जमीन खिसकाने का कार्य सौंपा है। इसलिए बंसीलाल समर्थकों को बंटना तय है। इससे एक ओर किरण गुट कमजोर होगा तो दूसरी तरफ भिवानी में हुड्डा गुट को मजबूती मिलेगी।

-रवि प्रताप सिंह

देसी नस्ल की गाय का संरक्षण, संवर्धन जरूरी : देशवाल

साथियों संग पैदल यात्रा करते जितेंद्र देशवाल।

जींद, 11 जुलाई (ब्यूरो): हर व्यक्ति को देशी नस्ल की गाय का संरक्षण और संवर्धन करना चाहिए क्योंकि इसके दूध से जो ऊर्जा और स्फूर्ति मिलती है वह किसी और दूध व घी से नहीं मिल सकती। वह हर रोज बिना रुके और बिना थके 25 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर रहे हैं तो इसके लिए ऊर्जा देसी गाय के दूध से ही मिल रही है। यह बात जन आशीर्वाद यात्रा दौरान जसबीर देशवाल युवा क्लब के अध्यक्ष जितेन्द्र देशवाल ने कही। उन्होंने अपनी पद यात्रा के 5वें दिन मंगलवार को सफीदों के हाट गांव में स्थित बाबा गिरडीदास मन्दिर गौशाला में गौ माता की आरती की और मिष्ठान का भोग लगाया।

उन्होंने कहा कि मनुष्य की 3 मां होती हैं। एक जननी माता जो हमें जन्म देती है। दूसरी गाय माता जो हमें पालती है और जिसके दूध से हमें पोषण मिलता है। तीसरी अनाज देने वाली धरती माता। देशी गाय का दूध औषधीय होता है। इसके सेवन से कई तरह की बीमारियां दूर होती हैं।

दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद

भिवानी, 11 जुलाई (सुखबीर): नाबालिग लड़की से दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने के दोषी को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोनिका की अदालत ने मंगलवार को उम्रकैद व 30 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर 6 महीने अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

पीड़िता ने 2022 में महिला थाना भिवानी को शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने पुलिस को बताया था कि आरोपी द्वारा उसके साथ दुष्कर्म करके किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी।

महिला थाना ने केस दर्ज कर नाबालिग के न्यायाधीश के सामने बयान दर्ज करवाए तथा उसका मैडीकल परीक्षण करवा आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया था।

कांवड़ियों की खड़ी पिकअप को ट्रक ने मारी टक्कर, 1 की मौत, 8 घायल

मृतक मोनू की फाइल फोटो।

असंध, 11 जुलाई (पंकेस): नैशनल हाईवे-152 डी पर गांव राहड़ा के पास सोमवार रात को कांवड़ लेने जा रहे युवाओं की पिकअप गाड़ी को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे मौके पर एक कांवड़िए की मौत हो गई जबकि 8 अन्य घायल हो गए।

जानकारी अनुसार गांव बल्मबा रोहतक से डाक कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार के लिए कांवड़िए निकले थे। 152 डी से होते हुए वे जब गांव राहड़ा के पास साइड में पिकअप खड़ी कर आराम कर रहे थे तो इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप में बैठे कांवड़िए मोनू, सचिन, साहिल, दीपक, संदीप, मनीष, कृष्ण, सहित अन्य घायल हो गए। सभी को असंध के सामान्य अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मोनू (25) को मृत घोषित कर दिया जबकि घायलों को करनाल के कल्पना चावला मैडीकल कॉलेज रैफर कर दिया। थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि दीपक की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सोशल मीडिया पर वायरल स्कूली बच्ची की पिटाई मामला

हंसडहर पहुंची बाल कल्याण समिति, पुलिस को दिए जांच के निर्देश

जींद, 11 जुलाई (ब्यूरो): नरवाना के गांव हंसडहर के प्राइवेट स्कूल में अध्यापिका का चश्मा गिरा देने के बाद बच्ची को बुरी तरह से पीटने के सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो पर बाल कल्याण समिति ने संज्ञान लिया है।

समिति के चेयरमैन नरेंद्र अत्री, सदस्य संदीप कौशिक, जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुजाता तथा चाइल्ड हैल्पलाइन को-ऑर्डीनेटर बीना रानी ने हंसडहर पहुंच पीड़ित बच्ची के परिजनों से घटना की जानकारी ली जिसमें वीडियो को सच पाया गया। समिति अनुसार बच्ची को इस तरह चोट पहुंचाना आपराधिक मामला बनता है। पुलिस को मामले में आवश्यक जांच करने के निर्देश दिए हैं।

कांग्रेस ने चंडीगढ़ में किए जाने वाले सत्याग्रह का स्थान व तारीख बदली

■ 15 जुलाई को कुरुक्षेत्र में करेंगे सत्याग्रह

चंडीगढ़, 11 जुलाई (बंसल): हरियाणा के विभिन्न जिलों में बाढ़ जैसे हालात को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 12 जुलाई को चंडीगढ़ में किए जाने वाले मौन सत्याग्रह की तारीख और स्थान बदल दिया गया है। अब यह मौन सत्याग्रह 15 जुलाई को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में होगा, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनकी पार्टी के सभी विधायक शामिल होंगे।

हरियाणा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी उदयभान की ओर से सभी विधायकों, पूर्व विधायकों, सांसद, पूर्व सांसद, अखिल भारतीय कांग्रेस और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट, पिछले चुनाव के उम्मीदवारों तथा कांग्रेस के सभी सहयोगी संगठनों के पदाधिकारियों को मौन सत्याग्रह में शामिल होने के लिए पत्र भेजा गया है। उदयभान ने बताया कि राज्य के कई जिलों में बाढ़ के हालात हैं, जिस कारण पार्टी कार्यकर्त्ताओं का 12 जुलाई को चंडीगढ़ पहुंचना संभव नहीं होगा। इसलिए मौन सत्याग्रह 15 जुलाई को कुरुक्षेत्र की अनाज मंडी में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

राज्यपाल ने 3300 फर्स्ट एड बॉक्स के ट्रक किए रवाना

चंडीगढ़, 11 जुलाई (बंसल): बच्चे राष्ट्र के कर्णधार और उज्ज्वल भविष्य हैं, इनका सही ढंग से रखरखाव करना सही संस्कार देना और इन्हें सुशिक्षित बनाना हम सबका दायित्व बनता है।

हरियाणा के राज्यपाल एवं भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा के प्रधान बंडारू दत्तात्रेय ने यह बात मंगलवार को राजभवन में उनके द्वारा हरियाणा के सभी सरकारी स्कूलों में हरियाणा राज्य रैडक्रॉस सोसायटी के द्वारा दी जाने वाली 3300 निःशुल्क फर्स्ट एड बॉक्स के ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान आपसी संवाद में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य रैडक्रॉस शाखा द्वारा सरकारी स्कूलों में भेजे जा रहे फर्स्ट एड बॉक्स बहुत ही सराहनीय और अच्छी सोच का कार्य है। स्कूलों में खेलने के दौरान या अचानक किसी वजह से यदि छोटे बच्चों को कोई चोट आ जाती है तो उस समय यह बॉक्स प्राइमरी सहायता देने में कारगर सिद्ध होंगे।

विदेशी सहयोग विभाग और तंजानिया निवेश केंद्र ने सांझा विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

चंडीगढ़, 11 जुलाई (बंसल): हरियाणा सरकार के विदेशी सहयोग विभाग (एफ.सी.डी.) और तंजानिया निवेश केंद्र (टी.आई.सी.) ने एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर कर द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस ऐतिहासिक समझौते का उद्देश्य दोनों इकाइयों के बीच अधिक सहयोग को बढ़ावा देना और निवेश के अवसरों को सुविधाजनक बनाना है, जिससे दोनों क्षेत्रों के बीच स्थायी आर्थिक वृद्धि और विकास हो सके।

इस अवसर पर हरियाणा से विदेश सहयोग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. राजा शेखर वुंडरू और टी.आई.सी. से कार्यकारी निदेशक गिलियड टेरी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

नगर निगम रोहतक
सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रोहतक की कर शाखा के रिकॉर्ड में नई प्रॉपर्टी आई.डी. नं. 1HPHCUM7 पुरानी प्रॉपर्टी आई.डी.नं. 10C750U258 वार्ड नं./ यूनि W-2 नेहरू कालोनी NA के नाम से दर्ज है, अब नगर निगम के रिकॉर्ड में इस आई.डी. नं. में प्रार्थी जिसका नाम विष्णु दत्त के द्वारा खरीदा / कब्जा के आधार पर अपने नाम से प्रॉपर्टी आई.डी. बनवाना चाहते हैं, यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम ट्रांसफर करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अंदर 2 नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा वह प्रॉपर्टी रैकार्ड में उसके नाम प्रॉपर्टी आई.डी. जारी कर दी जायेगी। जिसके लिये नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।
Order No.: MCR/2703/2023/188 कैमिल करवान अधिकारी
Date: 10/07/2023 नगर निगम, रोहतक

सार्वजनिक सूचना
विषय: स्व. श्रीमती कन्हैया पत्नी स्व. श्री रामलाल बजाज की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर पुराने मकान नं. 697-P, सैक्टर-14 रोहतक पर स्थित प्रॉपर्टी नं. 221C699U211 के स्वामित्व का 100 प्रतिशत हिस्से के रूप में हस्तांतरण। रिकॉर्ड के अनुसार उक्त वर्णित प्रॉपर्टी के 100 प्रतिशत हिस्से की मालकिन स्व. श्रीमती कन्हैया पत्नी स्व. श्री रामलाल बजाज की दिनांक 05.11.2006 को मृत्यु हो गयी है तथा उनकी कोई भी वसीयत/आदेशपत्र वसीयत नहीं है। श्री विकास कुमार पुत्र श्रीमती कन्हैया पत्नी श्री रामलाल बजाज निवासी निवासी मकान नं. 697-P, सैक्टर-14 रोहतक ने कानूनी वारिस होने के नाते उक्त प्रॉपर्टी को अपने पक्ष में हस्तांतरित करने के लिए आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण सम्बन्धी कोई ऐतराज हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 30 दिन के भीतर सम्पदा अधिकारी हुडा रोहतक के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने ऐतराज बारे अन्यथा उक्त सम्पत्ति को हुडा नीति के अनुसार सम्पदा अधिकारी द्वारा हस्तांतरित कर दिया जाएगा और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।
विकास कुमार (कानूनी वारिस)

ग्राम पंचायत, भटाना जाफराबाद खण्ड सोनीपत, जिला सोनीपत
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भटाना जाफराबाद में PWD रोड से लेकर माता मंदिर के सामने से गऊ घाट तक गली का निर्माण किया जाना है जिसकी लेबर कॉस्ट वार्क समेत 33898/- रुपये हेतु ग्राम सम्बन्धी निविदा प्रकाशन के 5 दिन के अन्दर अपनी निविदाएं सरपंच ग्राम पंचायत भटाना जाफराबाद को सीधे तौर पर प्रस्तुत करें। तय समय पश्चात आने वाली किसी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
श्री कर्मवीर सिंह, सरपंच
ग्राम पंचायत
भटाना जाफराबाद (सोनीपत)
मो. 9991073073, 9471242862

नगर निगम रोहतक
सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रोहतक की कर शाखा के रिकॉर्ड में नई प्रॉपर्टी आई.डी. नं. 1HSTKQM6 पुरानी प्रॉपर्टी आई.डी.नं. 10C750U258 वार्ड नं./ यूनि W-2 नेहरू कालोनी NA के नाम से दर्ज है, अब नगर निगम के रिकॉर्ड में इस आई.डी. नं. में प्रार्थी जिसका नाम विष्णु दत्त के द्वारा खरीदा / कब्जा के आधार पर अपने नाम से प्रॉपर्टी आई.डी. बनवाना चाहते हैं, यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम ट्रांसफर करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अंदर-2 नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा वह प्रॉपर्टी रैकार्ड में उसके नाम प्रॉपर्टी आई.डी. जारी कर दी जायेगी। जिसके लिये नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।
Order No.: MCR/2703/2023/188 कैमिल करवान अधिकारी
Date: 10/07/2023 नगर निगम, रोहतक

सार्वजनिक सूचना मार्कीट कमेटी, रादौर
सभी जन साधारण को सूचित किया जाताहै कि मार्कीट कमेटी, रादौर के अंतर्गत पड़ने वाली अनाज मंडियों क्रमशः मुख्य यार्ड रादौर, सब-यार्ड जठलाना व गुमथला राव में आने वाली कृषि उपज से निकलने वाली झार/कबाड़े की वर्ष 2023-24 (01.08.2023 से 31.07.2024) की खुली बोली दिनांक 17.07.2023 को सुबह 11.00 बजे कार्यालय मार्कीट कमेटी, रादौर में की जानी सुनिश्चित की गई है। ठेका लेने वाले सभी इच्छुक व्यक्ति निश्चित तिथि व समय पर कार्यालय मार्कीट कमेटी, रादौर में 50,000/- रु. का डिमांड ड्राफ्ट, धरोहर राशि के रूप में जमा करवाने के पश्चात खुली बोली में भाग ले सकते हैं। अन्य शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।
सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी, प्रशासक
मार्कीट कमेटी, रादौर मार्कीट कमेटी, रादौर
Ph. 01732-283848
(PRDH/1284/11/314/2024/19292/218/6)

कार्यालय नगरपालिका, सापला
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका सापला की कर शाखा के रिकॉर्ड में प्रॉपर्टी आई.डी. नं. 88BBFGDA7 वार्ड नं. 6 में श्री विनोद कुमार पुत्र श्री देई राम के नाम से दर्ज है, जोकि गलत है। जिसका पूरा सपना कालोनी 34.00 व मौके पर मकान है। जिसकी श्रीमती सतपाल देवी पत्नी श्री विनोद कुमार मकान बनाकर रह रहे हैं